# उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की बारवीं (12th) बोर्ड बैठक दिनांक 20 मार्च, 2018 का कार्यवृत्तः—

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की बारवीं (12th) बोर्ड बैठक डा० राकेश शाह, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 20.03.2018 को बोर्ड कार्यालय, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए —

| क्र०सं० | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री मनोज चन्द्रन | मुख्य वन संरक्षक, मुख्यालय (कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड, देहरादून) |
| 2. | डा० आर०एस० रावल | वैज्ञानिक—एफ, गोविन्द बल्लभ पंत, हिमालय पर्यावरण विकास संस्थान, कोसी कटारमल, अल्मोडा |
| 3. | डा० सुनील कुमार अवस्थी | संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून |
| 4. | डॉ बी.पी. मधवाल | निदेशक, मत्स्य पालन विभाग, बडासी ग्रान्ट, धन्याडी, रायपुर, देहरादून |
| 5. | डॉ० सुरेश राम | उप—निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, सर्किट हाऊस, देहरादून |
| 6. | डा० अमरीश कुमार | उप—निदेशक, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान, कौलागढ रोड, देहरादून |
| 7. | सुश्री लतिका सिंह | सहायक निदेशक, कृषि विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून |
| 8. | डॉ० पी.के.पाण्डे | हैड वनस्पति विभाग, एफ०आर०आई०, देहरादून |
| 9. | डॉ० अर्चना बहुगुणा | विभागाध्यक्ष / वैज्ञानिक—डी, भारतीय प्राणि सर्वेक्षण, कौलागढ रोड, देहरादून |
| 10. | श्री एस.एस.रसाईली | सदस्य—सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून |

इस कार्यालय का पत्रांक 1315 / जै.वि.बो.—16—3 दिनांक 20.02.2018 द्वारा बोर्ड बैठक का ऐजेण्डा बोर्ड के सभी सदस्यों / आमंत्रियों को प्रेषित कर दिया गया था। बोर्ड में ऐजेण्डे के अनुसार विभिन्न विषयों पर हुये विचार—विमर्श व लिये गये निर्णयों का विवरण निम्नानुसार है :—

1. **<u>एजेण्डा नं०—1:</u>** **<u>बोर्ड के सदस्यों व विशेष आमंत्री का स्वागत :—</u>**

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा बैठक में सभी सदस्यों व विशेष आमंत्रियों का स्वागत करते हुए बोर्ड की मुख्य गतिविधियों से अवगत कराया गया।

2. **<u>एजेण्डा नं०—2:</u>** **<u>उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा बोर्ड की ग्यारवीं बोर्ड बैठक दिनांक 07 जून, 2017 के कार्यवृत्त का अनुमोदन एवं बोर्ड की गतिविधियों से अवगत कराना :—</u>**

बोर्ड द्वारा ग्यारवीं (11th) बोर्ड बैठक दिनांक 07 जून, 2017 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। तत्पश्चात सदस्य—सचिव द्वारा बोर्ड की गतिविधियों से निम्न प्रकार अवगत कराया गया:—

i. वर्तमान तक कुल 907 जैव विविधता प्रबन्ध समितियों (BMC) का गठन किया जा चुका है।

ii. विकासखण्ड जौनपुर, टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत अगलाड़ घाटी में आयोजित किये जाने वाले 'मौण मेला' को 'जलीय जैव विविधता संरक्षण मेला' का स्वरूप देने के सम्बन्ध में एक बैठक दिनांक 15.06.2017 को आयोजित किया गया।

iii. दिनांक 20.07.2017 को अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की अध्यक्षता में हुई उत्तराखण्ड की Threatened and Endangered प्रजातियों की सूची तैयार करने हेतु विशेषज्ञ परामर्श की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में कुल 313 प्रजातियों पर विचार–विमर्श किया गया तथा सूची को अन्तिम रूप देने हेतु सम्बन्धित विशेषज्ञों को भेजा गया है जो अभी तक अपेक्षित है।

iv. दिनांक 09.08.2017 को अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की अध्यक्षता में *Meeting regarding Review & Monitoring of Updating of SBSAP by TERI* की बैठक आयोजित की गयी।

v. अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की अध्यक्षता में KSLCDI परियोजना के अन्तर्गत विगत पांच वर्षों में उक्त योजना के क्रियान्वयन में हुए अनुभवों एवं इससे प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारियों को प्रदेश के जैव विविधता से सम्बन्धित विभागों के साथ साझा करके उनके बहुमूल्य सुझावों पर विचार–विमर्श करने हेतु pre-event बैठक दिनांक 22.08.2017 व 23.08.2017 को आयोजित की गयी तथा दिनांक 24.08.2017 को मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी।

vi. सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड को Strategies for Implementation of Delhi Declaration नई दिल्ली के द्वारा आमंत्रित करने पर "Strategies for Implementation of Delhi Declaration" (on Agro Bio-diversity) नामक विषय में दिनांक 28.08.2017 को नई दिल्ली में प्रतिभाग किया गया।

vii. सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा *"Evaluation of presentations during XII Internal Annual Research Seminar (IARS)"* of the Wildlife Institute of India (WII), Dehradun on 30th August, 2017 में एक Evaluator के रूप में प्रतिभाग किया गया।

viii. दिनांक 14–15 सितम्बर, 2017 को चण्डीगड में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई द्वारा आयोजित *"Regional Consultation Workshops on National Biodiversity Action Plan, National Biodiversity Targets, and Sixth National Report to Convention on Biological Diversity"* में सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रतिभाग किया गया।

ix. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई द्वारा आयोजित Invitation for the Second Expert Consultation on *"Interim National Report on the Implementation of the Nagoya Protocol"* scheduled on 05th October, 2017 को MoEFCC, New Delhi में अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रतिभाग किया गया।

x. राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा आयोजित *"World Conference on Environment"* on 3-4 November, 2017 at Mavlankar Auditorium & Manekshaw Center, New Delhi में अध्यक्ष एवं सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रतिभाग किया गया।

xi. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई द्वारा आयोजित *"Meeting to discuss project activities under Indo-German Access and Benefit Sharing (ABS) Partnership Project at NBA on 07 – 10 November, 2017"* को चेन्नई में अध्यक्ष एवं सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस बैठक में जी०आई०जैड० के साथ अनुबन्ध को अन्तिम रूप दिया गया।

xii. सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा 18.11.2017 से 21.11.2017 को राजाजी राष्ट्रीय पार्क एवं टाईगर रिजर्व तथा कार्बेट राष्ट्रीय पार्क एवं टाईगर रिजर्व में बाघ संरक्षण से सम्बन्धित कार्यों का अध्ययन एवं गुर्जर पुर्नवास कार्यों का अवलोकन किया गया।

xiii. सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा पिथौरागढ दिनांक 22.11.2017 से 28.11.2017 तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रम जिसमें कैलाश पवित्र भू–संरक्षण परियोजना के समापन कार्यक्रम में स्थानीय जन–प्रतिनिधियों के साथ परियोजना से प्राप्त अनुभव एवं सीख को साझा किया गया था में भाग लिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आयोजन श्री प्रकाश पंत जी, माननीय मन्त्री विधायी, संसदीय कार्य, भाषा, वित्त, आबकारी, पेयजल एवं स्वच्छता, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग की अध्यक्षता में दिनांक 25.11.2017 को आयोजित किया गया था।

xiv. SBSAP Project हेतु चयनित संस्था *"TERI"* के कार्यों की समीक्षा करने हेतु दिनांक 11.12.2017 को नई दिल्ली में सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का मूल्यांकन किया गया।

xv. अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की अध्यक्षता में *"Regional Consultation Workshops on National Biodiversity Action Plan, National Biodiversity Targets, and Sixth National Report to Convention on Biological Diversity"* विषयक पर लाईन विभागों की कार्यशाला दिनांक 12.12.2017 को बोर्ड कार्यालय में आयोजित की गयी।

xvi. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई द्वारा IGNFA, Dehradun में आयोजित *"Two days Capacity Building Programme for IFS Officers on Biodiversity Governance"* कार्यक्रम में दिनांक 11–12 दिसम्बर, 2017 को अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्बोधित किया गया।

xvii. केरला, जैव विविधता बोर्ड के दिनांक 17.01.2018 को प्रथम ABS अनुबन्ध हस्ताक्षर के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केरला जैव विविधता बोर्ड के निमंत्रण पर अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा एक विशेषज्ञ के रूप में प्रतिभाग किया गया।

xviii. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित Nomination of the Indian Forest Service Officers for two days training workshop on *"Man animal Conflict-strategies for Mitigation with special reference to Asiatic Lion"* organized by Gujarat Forestry Research Foundation (GFRF), Sasan-Gir, District-Junagadh, Gujarat from January 18-19, 2018 को सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रतिभाग किया गया।

xix. पवित्र कैलाश भू–क्षेत्र संरक्षण एवं विकास परियोजना KSLCDI के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ में गठित 09 जैव विविधता प्रबन्ध

समितियों के गठन हेतु @ 60,000/- प्रति जैव विविधता प्रबन्ध समिति को धनराशि आवंटित की गयी।

xx. दिनांक 31.01.2018 को हिमाचल जैव विविधता बोर्ड से आये सदस्यों को उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के क्रियाकलापों की जानकारी दी गयी तथा उनको दुधई, जैव विविधता प्रबन्ध समिति का भ्रमण कराया गया।

xxi. अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 31.01. 2018 को GIZ संस्था के साथ कार्यशाला की गयी।

xxii. International Biodiversity Congress (IBC)-2018 की बैठक में दिनांक 09. 02.2018 को त्रिवेन्द्रम (केरला) में अध्यक्ष व सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रतिभाग किया गया।

xxiii. National Mission on Himalayan Studies (NMHS) के परियोजना अनुमोदन समिति के समक्ष दिनांक 12.02.2018 को सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा *'Mainstreaming Landscape Approach for Biodiversity Conservation, Improved Livelihoods and Ecosystem Health in Kailash Sacred Landscape part of India'* पर एक प्रस्तुतीकरण दिया गया।

**3. एजेण्डा नं०–3: नये कार्यालय भवन का बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्राप्त करना :–**

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड का पूर्व में संचालित कार्यालय भवन, 108/II, वसंत विहार, देहरादून का क्षेत्रफल अपर्याप्त होने के कारण नये कार्यालय भवन की आवश्यकता अनुभव की जाती रही है। इसी परिपेक्ष में माह जुलाई, 2017 में कार्यालय भवन किराये में लेने हेतु हिन्दी समाचार पत्रों (अमर उजाला व दैनिक जागरण) में विज्ञापन प्रकाशित किया गया। जिसके क्रम में तीन प्रस्ताव प्राप्त हुये। उक्त हेतु गठित समिति द्वारा श्रीमती तनवी विज C/o श्री अजय खन्ना, 423, इन्दिरा नगर कॉलोनी, देहरादून का प्रस्ताव बोर्ड कार्यालय हेतु किराये पर लेने के लिये उपयुक्त पाया। जिसका कवर्ड एरिया 5200 Sq.ft. है। समिति की संस्तुति के आधार पर उक्त भवन का किराया औचित्य प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु जिलाधिकारी, देहरादून को पत्र प्रेषित किया गया। कार्यालय जिलाधिकारी, देहरादून ने अपने पत्र संख्याः 1988/वरि०प्रशा०अधि० (राज०)–2017 दिनांक 04.09.2017 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त भवन राजकीय सम्प्रेक्षण गृह तथा किशोर न्याय बोर्ड, देहरादून के कार्यालय प्रयोग हेतु किराया औचित्य प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है। परन्तु भवन स्वामी से सदस्य–सचिव, उ०जै०वि०बो० द्वारा वार्ता करने पर भवन स्वामी द्वारा उक्त भवन बोर्ड कार्यालय स्थापित करने हेतु सहमति व्यक्त की गयी बशर्ते कि बोर्ड भी अन्य कार्यालय की भांति ₹70,000/– प्रतिमाह किराया देने पर सहमत हों। बोर्ड कार्यालय की आवश्यकता को देखते हुये उक्त भवन प्रत्येक दृष्टिकोण से उपयुक्त होना, जैसे कि प्रदेश स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबन्ध समिति के सदस्यों, तकनीकी सहायता समूह आदि की बैठक एवं प्रशिक्षण के लिये पर्याप्त स्थान उपलब्ध होना, बोर्ड के विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने हेतु दूर–दराज क्षेत्र से ग्रामीणों को बोर्ड कार्यालय में आने–जाने की सुविधा के दृष्टिकोण से सर्वाधिक उपयुक्त होने के कारण उक्त भवन माह सितम्बर, 2017 से किराये पर लिया गया है। **बोर्ड द्वारा उक्त का अनुमोदन किया गया।**

4. **एजेण्डा नं०–4:** **DTP Operator/Graphic/Designer (संविदा), अनुसंधान अधिकारी (संविदा) व टैक्निकल एसोसिएट डाटाबेस मैनेजमैन्ट (संविदा) की सेवाओं का कार्य विस्तार करने हेतु बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करनाः–**

i. D.T.P. Operator/Graphic/Designer की सेवा का एक वर्ष अगस्त, 2018 तक अवधि विस्तार किया गया है।

ii. अनुसंधान अधिकारी सेवा का एक वर्ष दिसम्बर, 2018 तक अवधि विस्तार किया गया है।

iii. Technical Associate, Database Management की सेवा एक वर्ष दिसम्बर, 2018 तक अवधि विस्तार किया गया है।

प्रस्तर i से iii तक के उक्त सेवाओं के अवधि विस्तार को सम्मिलित करते हुए आगामी **02 वर्ष** के लिये बोर्ड द्वारा **उक्त का अनुमोदन किया गया।**

5. **एजेण्डा नं०–5:** **लोक जैव विविधता पंजिका एवं जैव–सांस्कृतिक समुदाय संलेख निरूपित करने हेतु चयनित नई तकनीकी सहायता समूह (टी.एस.जी.) का बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करनाः–**

वर्तमान तक कुल 124 लोक जैव विविधता पंजिका (पी०बी०आर०) एवं जैव–सांस्कृतिक समुदाय संलेख (बी०सी०पी०) विभिन्न टी०एस०जी० के माध्यम से निरूपित किये जा रहे हैं। 43 पी०बी०आर० व बी०सी०पी० के ड्राफ्ट कार्यालय में प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 06 पी०बी०आर० व बी०सी०पी० प्रकाशित हो चुके हैं तथा 12 को पी०बी०आर० व बी०सी०पी० के ड्राफ्ट को अन्तिम रूप देकर प्रकाशन योग्य बनाया जा रहा है।

ग्राम पंचायत स्तर पर लोक जैव विविधता पंजिका एवं जैव सांस्कृतिक समुदाय संलेख तैयार करने हेतु नई तकनीकी सहायता समूह (Technical Support Group) का चयन किया गया है, जो कि निम्न प्रकार हैः–

(i) Himalayan Institute for Sustainable Environment and Research Society (HISER) – Shri K.N. Balodi
(ii) Rural Area Development Samiti (RADS) – Sri M.C. Purohit
(iii) Society for Uttaranchal Development & Himalayan Action (SUDHA), Almora – Dr. Dinesh Tiwari
(iv) Himalayan Parvatiya Vikas Samiti (HPVs), Gaja, Tehri – Sri Arvind Uniyal

**उक्त चयनित तकनीकी सहायता समूह का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

6. **एजेण्डा नं०–6:** **Updating of the existing State Biodiversity Strategy and Action Plan (SBSAP) of Uttarakhand and aligning it with Natioinal Biodiversity Action Plan (NBAP), National Biodiversity Targets, Sustainable Development Goals and Costing of Implementation of the Updated SBSAP/Biodiversity Finance Plan हेतु चयनित संस्था "TERI" को द्वितीय किस्त का भुगतान करने का बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।**

Updating of the existing State Biodiversity Strategy and Action Plan (SBSAP) of Uttarakhand and aligning it with Natioinal Biodiversity Action Plan (NBAP), National Biodiversity Targets, Sustainable Development Goals and Costing of Implementation of the Updated SBSAP/Biodiversity Finance Plan हेतु गठित समिति द्वारा The Energy and Resources Institute (TERI) Darbari Seth Block, IHC Lodhi Road, New Delhi नामक संस्था को चयनित किया

गया है जिसके लिये ₹18,50,000/– मात्र की धनराशि स्वीकृत की गयी है। अनुबन्ध पत्र के अनुसार प्रथम एवं द्वितीय किस्त की धनराशि 20+20=40 प्रतिशत (कुल ₹7,40,000/– मात्र) दी जा चुकी है। **उक्त का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

7. <u>एजेण्डा नं०–7:</u> **<u>कैलाश पवित्र भू–दृश्य संरक्षण एवं विकास पहल (KSLCDI) के तहत पिथौरागढ वन प्रभाग के अन्तर्गत *'Documentation of Community Rights and Benefit Sharing from Biological Resources by the Darma Rang Community of Darma Valley in KSLCDI'* तथा *KSLCDI* क्षेत्र के अन्तर्गत गठित जैव विविधता प्रबन्ध समितियों के नियंत्रणाधीन क्षेत्र में पाये जाने वाली Economically Important Flora/Fauna पर एक Knowledge Product Compendium तैयार किये जाने हेतु विशेषज्ञ को रखने के लिये बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।</u>**

कैलाश पवित्र भू–दृश्य संरक्षण एवं विकास पहल (KSLCDI) के तहत पिथौरागढ वन प्रभाग के अन्तर्गत 'Documentation of Community Rights and Benefit Sharing from Biological Resources by the Darma Rang Community of Darma Valley in KSLCDI' का कार्य सुश्री वर्षा खर्कवाल, पिथौरागढ (Co-PI) द्वारा सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड (PI) के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिस हेतु वर्तमान में कुल ₹70,000/– मात्र की धनराशि निर्धारित की गयी है। इसके तहत सुश्री वर्षा खर्कवाल को प्रथम किस्त ₹30,000/– मात्र का भुगतान किया जा चुका है शेष भुगतान ₹40,000/– मात्र कार्य पूरा होने के उपरान्त किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा निर्देश दिया गया है कि उक्त अध्ययन का दायरा बढा कर समस्त रांग समुदाय के पारम्परिक ज्ञान तथा संस्कृति का अध्ययन भी किया जाये। **बोर्ड द्वारा उक्त का अनुमोदन किया गया।**

8. <u>एजेण्डा नं०–8:</u> **<u>बजट सम्बन्धी बिन्दुओं पर बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना :–</u>**

(i) उत्तराखण्ड जैव विवधिता बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2016–17 के निम्न मदवार आय–व्यय के विवरण पर **बोर्ड द्वारा निम्नानुसार अनुमोदन किया गया:**

| क्र.सं. | मद | आय का विवरण/स्रोत | व्यय की धनराशि |
|---|---|---|---|
| | | 1. उत्तराखण्ड शासन द्वारा वन विभाग, उत्तराखण्ड के माध्यम से प्राप्त – ₹75,00,000.00<br>2. ..................do................ – ₹ 5,00,000.00<br>(Preperation and Conservation of Sacred Groov)<br>3. NBA, Chennai (Wages) – ₹ 3,66,118.00<br>4. NBA, Chennai (Tranning & Capacity Building) – ₹10,00,000.00<br>5. NBA, Chennai (IBD-2016) – ₹ 2,00,000.00<br>6. G.B.Pant Institute, Almora (PBR, BCP) for KSLCDI – ₹ 7,53,745.00<br>7. Sale of Books (Dr.Rakesh Shah) – ₹ 15,600.00<br>8. ONGC – ₹ 8,00,000.00<br>(Mobilization, sensitization and creating awarness about biodiversity conservation हेतु) एक बोलेरो ZLX-2500 CC वाहन क्रय करने हेतु वित्तीय सहायता के रूप में स्वीकृत धनराशि। | |
| 1 | मजदूरी<br>संविदा/आउटसोर्स के माध्यम से प्राप्त सेवायें रिसर्च ऑफिसर, टैक्निकल एसोसिएट (डाटाबेस | | 31,91,589.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | मेनेजमेंट), कम्प्यूटर ऑपरेटर, मशीन मैन, डाक रनर, चौकीदार, अर्दली, कार्यालय सेवक, वाहन चालक, स्वीपर एवं माली (पार्ट टाईम) | | |
| 2 | यात्रा व्यय | | 3,48,936.00 |
| 3 | मानदेय | | 17,562.00 |
| 4 | विद्युत व्यय | | 51,932.00 |
| 5 | जलकर | | 5,978.00 |
| 6 | टेलीफोन व्यय | | 1,48,544.00 |
| 7 | लेखन सामग्री | | 84,827.00 |
| 8 | कार्यालय व्यय | | 1,37,205.00 |
| 9 | कार्यालय फर्नीचर | | 1,13,188.00 |
| 10 | मोटर गाड़ियों की अनुरक्षण, पैट्रोल व खरीद | | 21,05,952.00 |
| 11 | किराया उपशुल्क कर | | 4,44,000.00 |
| 12 | प्रकाशन | | 4,71,419.00 |
| 13 | आतिथ्य व्यय | | 61,551.00 |
| 14 | मशीन सज्जा और संयंत्र | | 2,52,542.00 |
| 15 | कम्प्यूटर अनुरक्षण व तत्तसंबंधी स्टेशनरी का क्रय | | 3,66,780.00 |
| 16 | व्यवसायिक सेवायें | | 5,73,944.00 |
| 17 | चिकित्सा प्रतिपूर्ति पर व्यय | | 1,02,092.00 |
| 18 | अन्य व्यय | | 3,02,034.00 |
| 19 | प्रशिक्षण व्यय / कार्यशाला | | 14,28,714.00 |
| 20 | पुस्तकालय व्यय | | 79,111.00 |
| 21 | पी.बी.आर. निरूपण | | 19,50,000.00 |
| 22 | प्रचार–प्रसार | | 14,220.00 |
| 23 | संतान शिक्षा भत्ता | | 27000.00 |
| 24 | बी.एम.सी. गठन | | 9,52,685.00 |
| 25 | BIOFIN (UNDP) | | 3,70,000.00 |
| 26 | आई.बी.डी. (IBD) | | 2,00,000.00 |
| 27 | आयकर | | 42,200.00 |
| | **योग–** | **1,11,35,463.00** | **1,38,44,005.00** |
| 1 | उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा विभिन्न ऐसे उपक्रमों / निगमित निकायों / संगठनों / संस्थाओं जो जैव संसाधनों के वाणिज्यिक उपयोग, जैव संरक्षण और जैविक उपयोग करते हैं / कर रहे हैं से जैव विविधता अधिनियम, 2002 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत प्राप्त फीस | **राज्य जैव विविधता निधि फण्ड से वर्ष 2016–17 में कुल प्राप्त धनराशि –94,39,727.00**<br>**फीस के रूप में प्राप्त धनराशि – 9,80,000.00**<br>ए.बी.एस के रूप में प्राप्त धनराशि का 5% – 4,22,986.35<br>**बोर्ड के प्रयोगार्थ हेतु कुल धनराशि –14,02,986.35**<br>(फीस + ए.बी.एस 5%)<br>ए.बी.एस के रूप में प्राप्त धनराशि **का 95% बी.एम.सी. के प्रयोगार्थ हेतु–80,36,740.65** | |
| 2 | जैव विविधता प्रबंध समिति, दुधई, विकासखण्ड सहसपुर, देहरादून द्वारा ग्राम समाज की | | **1,00,000.00** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | भूमि पर औषधीय वृक्षारोपण करने हेतु सहयोग धनराशि का भुगतान किया | | |
| | **महायोग–** | **2,06,07,989.00** | **1,39,44,005.00** |

(ii) बोर्ड कार्यालय के वित्तीय वर्ष 2016–17 लेखा की तुलन पत्र (Balance Sheet), लेखा परीक्षण (Audit) करने हेतु नामित श्री सुदर्शन शर्मा एण्ड कम्पनी चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा प्रेषित वित्तीय वर्ष 2016–17 के बोर्ड के लेखा की तुलन पत्र (Balance Sheet), लेखा परीक्षण (Audit) एंव निम्न प्रकार वित्तीय वर्ष 2016–17 के आय–व्यय का **बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया**:–

**वित्तीय वर्ष 2016–17 के आय–व्यय का सारांश**

| Account Name | Income | Expenditure |
|---|---|---|
| Board Fund Account (Opening Balance ₹3,05,50,923.00) | 1,11,35,463.00 | 1,38,44,005.00 |
| State Biodiversity Nidhi Fund (Opening Balance ₹12,91,681.00) | 94,72,526.00 | 1,00,000.00 |
| **Total-** | **2,06,07,989.00** | **1,39,44,005.00** |

(iii) बोर्ड कार्यालय के वित्तीय वर्ष 2017–18 के बोर्ड के लेखा की तुलन पत्र (Balance Sheet), लेखा परीक्षण (Audit) श्री सुदर्शन शर्मा एण्ड कम्पनी चार्टर्ड एकाउन्टेंट से कराने का **बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

(iv) वित्तीय वर्ष 2018–19 के मदवार प्रस्तावित बजट का **बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया**:–

| क्र.सं. | मानक मद | याचित धनराशि (हजार रूपये) |
|---|---|---|
| 1 | वेतन | 5900 |
| 2 | महंगाई भत्ता | 900 |
| 3 | मकान किराया भत्ता | 500 |
| 4 | पर्वतीय विकास भत्ता व अन्य भत्ता | 400 |
| 5 | व्यवसायिक सेवायें | 4900 |
| 6 | लोक जैव विविधता पंजिका (पी.बी.आर.) एवं जैव सांस्कृतिक समुदाय संलेख (बी.सी.पी.) बनाना | 3000 |
| 7 | बी०एम०सी० गठन | 6000 |
| 8 | यात्रा भत्ता | 500 |
| 9 | अवकाश यात्रा सुविधा | 150 |
| 10 | चिकित्सा प्रतिपूर्ति व्यय | 500 |
| 11 | मानदेय | 100 |
| 12 | विद्युत देय | 150 |
| 13 | जलकर | 15 |
| 14 | टेलीफोन | 200 |
| 15 | लेखन सामग्री | 200 |
| 16 | कार्यालय व्यय | 350 |
| 17 | कार्यालय फर्नीचर | 400 |
| 18 | वाहन क्रय करना | 1200 |
| 19 | मोटर गाडियों का अनुरक्षण | 800 |
| 20 | किराया उपशुल्क | 840 |

| | | |
|---|---|---|
| 21 | प्रकाशन | 800 |
| 22 | आतिथ्य व्यय | 300 |
| 23 | मशीन साज–सज्जा और सयंत्र | 300 |
| 24 | कम्प्यूटर अनुरक्षण व तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय | 200 |
| 25 | बायोरिसोर्स के वाणिज्यिक उपयोग का अध्ययन | 100 |
| 26 | पारंपरिक ज्ञान एवं अभिलेखीकरण | 100 |
| 27 | बी०एच०एस० | 500 |
| 28 | प्रचार–प्रसार | 100 |
| 29 | पुस्तकालय व्यय | 100 |
| 30 | प्रशिक्षण व कार्यशाला/सेमिनार | 2000 |
| 31 | संतान शिक्षा भत्ता योजना शुल्क | 45 |
| 32 | बायोफिन | 1100 |
| 33 | अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस (IBD) | 600 |
| 34 | आयकर | 50 |
| 35 | अन्य व्यय | 1200 |
| | **योग** | 34500 |
| | | **(तीन करोड पैंतालीस लाख) मात्र** |

9. **एजेण्डा नं०–9:** **आउटसोर्स से प्राप्त सेवाओं का बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।**

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून के कार्यालय में आउटसोर्स से कार्यरत सेवायें प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय आदेश संख्याः क–49/1–14(4) दिनांक 05.07.2010 द्वारा निर्धारित दरों (दिनांक 01.07.2010 से) एवं समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार जब से उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड का कार्यालय देहरादून से संचालित है तब से वर्तमान तक मैसर्स गर्ग कान्ट्रेक्ट सर्विसेज, 83/2, सहारनपुर रोड, ईस्ट पटेलनगर, देहरादून से आउटसोर्स के माध्यम से सेवायें प्राप्त की जा रही हैं, जिनका सर्विस चार्ज 7 प्रतिशत है। संज्ञान में आया कि देहरादून स्थित वन विभाग, उत्तराखण्ड के कार्यालय द्वारा निविदा के माध्यम से वर्तमान में नये कान्ट्रैक्टर का चयन किया गया है जिसमें निदेशक/वन संरक्षक, राजाजी टाईगर रिजर्व, देहरादून के कार्यालय द्वारा न्यूनतम निविदा 0.01 प्रतिशत सर्विस चार्ज मै० उज्जवल लेबर कान्ट्रेक्ट, को–आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, 1/1 शक्ति विहार, माजरा, सहारनपुर रोड़, देहरादून को नामित किया गया है। निदेशक/वन संरक्षक, राजाजी टाईगर रिजर्व, देहरादून द्वारा आउटसोर्स के माध्यम से सेवायें प्राप्त करने हेतु समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की गयी हैं। जिसके लिये इस कार्यालय को पृथक से औपचारिकताएं पूर्ण करने की आवश्यकता नहीं है। अतः मैसर्स गर्ग कान्ट्रेक्ट सर्विसेज, 83/2, सहारनपुर रोड, ईस्ट पटेलनगर, देहरादून की माह मार्च, 2018 के उपरान्त सेवायें समाप्त करते हुए निदेशक/वन संरक्षक, राजाजी टाईगर रिजर्व, देहरादून द्वारा चयनित मै० उज्जवल लेबर कान्ट्रेक्ट, को–आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, 1/1 शक्ति विहार, माजरा, सहारनपुर रोड़, देहरादून का सर्विस चार्ज 0.01 प्रतिशत जो कि न्यूनतम है, को उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा माह अप्रैल, 2018 सर्विस प्रोवाईडर के रूप में लिये जाने का **बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

10. <u>एजेण्डा नं०–10:</u> **<u>उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून द्वारा वार्षिक रिपोर्ट का बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।</u>**

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा वर्ष 2012–13, 2013–14 व 2014–15 की वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित की गयी है। **जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

11. <u>एजेण्डा नं०–11:</u> **<u>बोर्ड कार्यालय के प्रस्तावित ढांचे में अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य कार्मिकों के पद अथवा संख्या निम्नानुसार प्रस्तावित है :–</u>**

## <u>उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड हेतु प्रस्तावित पद–</u>

| क्र० सं० | पद | | पद संख्या | वेतनमान (₹) | सहायक कर्मचारियों का विवरण | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ख | | ग | घ | ङ | | च |
| | | | | | कर्मचारी का वर्ग | संख्या | |
| 1. | अध्यक्ष | | 01 | | | | |
| 1.1 | | | | | वैयक्तिक अधिकारी | 01 | |
| 1.2 | | | | | वाहन चालक | 01 | |
| 1.3 | | | | | अर्दली | 01 | |
| 2. | सदस्य सचिव | | 01 | | | | |
| 2.1 | | | | | वैयक्तिक अधिकारी | 01 | |
| 2.2 | | | | | वाहन चालक | 01 | |
| 2.3 | | | | | अर्दली | 01 | |
| 3. | क | उपनिदेशक, वाईल्ड, फ्लोरल एण्ड फोनल डाईवर्सिटी | 01 | *67700–206700 (ग्रेड पे–6600) | | 01 | |
| 3.1 | | | | | निजी सहायक | | |
| 3.2 | | | | | वाहन चालक | 01 | |
| 3.3 | | | | | अर्दली | 01 | |
| | ख | उपनिदेशक एग्रो एवं डोमेस्टीकेटिड डायर्वसिटी | 01 | *67700–206700 (ग्रेड पे–6600) | | | |
| 3.4 | | | | | निजी सहायक | 01 | |
| 3.5 | | | | | वाहन चालक | 01 | |
| 3.6 | | | | | अर्दली | 01 | |
| | ग | उपनिदेशक लाभ एवं पहुंच के सहभाजन–Benefit Sharing (ABS) | 01 | *67700–206700 (ग्रेड पे–6600) | | | |
| 3.7 | | | | | | | |
| 3.8 | | | | | निजी सहायक | 01 | |
| 3.9 | | | | | वाहन चालक | 01 | |
| 3.10 | | | | | अर्दली | 01 | |
| 4. | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी | | 01 | *47800–151100 (ग्रेड पे–4800) | | | |
| 5. | लेखाकार | | 01 | *35400–112400 (ग्रेड पे–4200) | | | |
| 6. | तकनीकी सहयोगी (विधि) | | 01 | आउटसोर्स | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | अनुसंधान अधिकारी (फोरेस्ट्री / माईक्रोबाई लॉजी, बोटनी, जुलॉजी, एग्रो, सोसोलॉजी / एन्थ्रोपॉलोजी एवं बॉयोटैक्नॉलॉजी) | 06 | आउटसोर्स | | | |
| 8. | टैक्निकल एसोसिएट डिजीटाईजेशन (डाटा बेस मैनेजमैन्ट) | 01 | आउटसोर्स | | | |
| 9. | टैक्निकल एसोसिएट प्रकाशन (DTP Operator/Graphic/Designer) | 01 | आउटसोर्स | | | |
| 10. | एक्स्टेंशन अधिकारी (गढ़वाल) | 01 | आउटसोर्स | कार्यालय सहायक / कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | |
| | | | | वाहन चालक | 01 | |
| | | | | अर्दली | 01 | |
| | | | | कार्यालय चौकीदार | 01 | |
| 11. | एक्स्टेंशन अधिकारी (कुमाऊं) | 01 | आउटसोर्स | कार्यालय सहायक / कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | |
| | | | | वाहन चालक | 01 | |
| | | | | अर्दली | 01 | |
| | | | | कार्यालय चौकीदार | 01 | |
| 12. | कम्प्यूटर ऑपरेटर (मुख्यालय) | 07 | आउटसोर्स | | | |
| 13. | माली | 01 | आउटसोर्स | | | |
| 14. | स्वच्छकार | 01 | आउटसोर्स | | | |
| 15. | चौकीदार | 02 | आउटसोर्स | | | |
| 16. | अन्य (नोट**) | | | | | |
| | योग | 29 | | | 23 | |

*** नोटः—** प्रतिनियुक्ति पर ही वेतनमान निर्धारित किया गया है। वाह्य स्रोत से सेवा प्राप्त करने पर पारिश्रमिक बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

बोर्ड कार्यालय के ढांचा अन्तर्गत अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य कार्मिकों की उक्त प्रस्तावित मानक, संख्या व योग्यता से बोर्ड सहमत होने पर तद्नुसार विस्तृत प्रस्ताव अनमोदनार्थ शासन को प्रेषित किया जायेगा। **उक्त प्रस्तावित ढांचे का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

**12. एजेण्डा नं०—12: उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।**

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रकाशित की गयी पुस्तकों का विवरण निम्न प्रकार है:—

(i) डा० राकेश शाह, श्री एस०एस० रसाईली एवं डा० एच०बी० नैथानी, द्वारा लिखित **"Study on Qualitative and Quantitative Survey of Invasive Species in Dehradun District"** पुस्तक को उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रकाशित किया गया है।

(ii) डा० बी०एस० बरफाल द्वारा लिखित Kailash Sacred Landscape Conservation and Development Initiative के अन्तर्गत ***'Science Policy Interface'*** पुस्तक को उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रकाशित किया गया है।

(iii) *'जैव विविधता अधिनियम तथा जैव विविधता नियमावली–2015'* का उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रकाशित किया गया है।

उक्त बिन्दु i से iii का **बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

13. एजेण्डा नं०–13: **माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT), नई दिल्ली एवं माननीय उच्च न्यायालय में उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की ओर से प्रतिशपथपत्र दायर करने पर अधिवक्ता की फीस भुगतान करने का बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।**

(i) श्री गौरव कुमार बन्सल द्वारा माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT), नई दिल्ली में मूल आवेदन संख्याः 775 ऑफ 2017 (श्री गौरव कुमार बन्सल बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य) दाखिल करते हुये वाद दायर किया गया है जिसमें उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड को प्रतिवादी संख्याः 7 बनाया गया है। उक्त वाद गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान, उत्तरकाशी में भरल (Blue Sheep) प्रजाति में पायी गयी सम्भावित आंख के रोग के उपचार हेतु वांछित कार्यवाही किये जाने से सम्बन्धित है। बोर्ड की ओर से मा० न्यायालय में प्रतिशपथपत्र श्री राहुल वर्मा, एडीशनल एडवोकेट जनरल, उत्तराखण्ड सरकार के मार्फत दाखिल करा दी गयी है।

(ii) मा० राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT), नई दिल्ली में M/s Catalysts Biotechnologies Pvt. Ltd., Roorkee (Haridwar) की ओर से अपील संख्याः 12/2018 (M/s Catalysts Biotechnologies Pvt. Ltd. Vs. Uttarakhand Biodiversity Board) दाखिल की गयी है जो उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा वर्ष 2014–15 हेतु निर्धारित लाभ के सहभाजन (ABS) की धनराशि (₹8,49,157/–) के विरूद्ध की गयी है। उक्त वाद के सन्दर्भ में मा० राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में प्रतिशपथ–पत्र दाखिल किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

(iii) रिट पिटिशन संख्याः 3437 ऑफ 2017 मै० दिव्या फार्मेसी बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य में माननीय उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड नैनीताल में उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की ओर प्रतिशपथपत्र दाखिल करने की फीस ₹60,500/– मात्र का भुगतान श्री राकेश थपलियाल, सीनियर एडवोकेट माननीय उच्च न्यायालय, नैनीताल को किया गया।

**उक्त बिन्दु i से iii का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

14. एजेण्डा नं०–14: **जैव विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 7 तथा 24 के अनुक्रम में जैव संसाधन तक पहुँच एवं लाभ के सहभाजन (Access and Benefit Sharing) सम्बंधी की गयी कार्यवाही पर बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।**

(i) जैव संसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले संस्थानों/उद्योगों/व्यापारियों के विरूद्ध 15.02.2018 तक कुल 1248 नोटिस निर्गत किये जा चुके हैं।

(ii) 15.02.2018 तक विभिन्न औद्योगिक संस्थानों से जैव संसाधनों के वाणिज्यिक उपयोग से सम्बन्धित फीस के रूप में ₹30,60,000/– की

धनराशि प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त वाणिज्यिक उपयोग से प्राप्त लाभ के सहभाजन (ABS) के रूप में ₹2,27,92,257/– मात्र **(कुल ₹2,58,52,257/–)** की धनराशि प्राप्त हुई है।

(iii) दिनांक 15.02.2018 तक लाभ के सहभाजन (ABS) के क्रम में विभिन्न उद्योगों से कुल 53 अनुबंध पत्र (MAT Agreement) हस्ताक्षरित किये जा चुके हैं।

**उक्त बिन्दुओं (i) से (iii) पर बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

**15. एजेण्डा नं०–15: विशेषज्ञ समितियों के गठन करने का बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।**

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून द्वारा निम्न विशेषज्ञ समितियों का गठन किया गया है:–

(A) **SBSAP Monitoring and Review Committee का गठन निम्न प्रकार किया गया है:–**

(i) डा० राकेश शाह, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड– अध्यक्ष
(ii) डा० धनंजय मोहन, अपर प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव – सदस्य
(iii) श्री जी०एस० पाण्डे, मुख्य वन संरक्षक, ईको–टूरिज्म – सदस्य
(iv) डा० रूचि पंत, प्रोग्राम एनॉलिस्ट, यू०एन०डी०पी० – सदस्य
(v) श्री धनंजय प्रसाद, उप–निदेशक, उ०जै०वि०बो० – सदस्य
(vi) डा० गजेन्द्र सिंह, वैज्ञानिक, यूसैक, देहरादून – सदस्य
(vii) श्री एस०एस० रसाईली, सदस्य–सचिव, उ०जै०वि०बो० – सदस्य
(viii) श्री एल०एम० कौल, अनु० अधि०, उ०जै०वि०बो० –नोडल ऑफिसर

(B) **ABS Expert Committee का गठन निम्न प्रकार किया गया है:–**

(i) श्री संजय उपाध्याय, अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट ऑफ इण्डिया – अध्यक्ष
(ii) श्री राहुल दत्ता, Patent and Intellectual Property Attorney – सदस्य
(iii) डा० तवरेज अहमद, Commercial and Corporate Law Expert – सदस्य
(iv) श्री आनंद सिंह रावत, चार्टेड एकाउन्टैन्ट – सदस्य
(v) श्री विजय जड़धारी, बीज बचाओ आन्दोलन – सदस्य
(vi) श्री राजेश मल, अध्यक्ष, दुधई जैव विविधता प्रबन्ध समिति – सदस्य
(vii) श्रीमती गुड्डी देवी घिल्ड़ियाल, अध्यक्ष खोला, जैव विविधता प्रबन्ध समिति – सदस्य

**उक्त विशेषज्ञ समितियों के गठन का बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

**16. एजेण्डा नं०–16: बासमती टाईप–3 प्रोजैक्ट का बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।**

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून द्वारा देहरादून बासमति टाईप–3, जो देहरादून क्षेत्र की पहचान रही है, के तेजी से विलुप्त होने के कगार पर पहुंचने के कारण इसके संरक्षण एवं विकास हेतु रणनीति तैयार करने के लिये वर्तमान में इसकी खेती कर रहे कृषकों, कृषक समितियों, नवदान्या संस्था, कृषि विभाग एवं उत्तराखण्ड आर्गेनिक बोर्ड के साथ विचार–विमर्श करके एक टास्क–फोर्स का गठन किया गया है तथा टास्क–फोर्स की बैठक करके बासमति टाईप–3 के संरक्षण एवं विकास हेतु रणनीति बनाये जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। **जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

**17. एजेण्डा नं०–17:** **राजकीय वाहन क्रय करने हेतु बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।**

इस कार्यालय के सदस्य–सचिव को आवंटित राजकीय वाहन इण्डिगो कार मॉडल 2011, जो कि काफी पुराना हो चुका है जिसको बार–बार मरम्मत करने पर अधिक व्यय आ रहा है। उक्त के दृष्टिगत एक नया हल्का मोटर वाहन क्रय करने की आवश्यकता है। अतः एक नया हल्का मोटर वाहन क्रय किया जाना प्रस्तावित है। **जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

**18. एजेण्डा नं०–18:** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।**

1. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई द्वारा जारी की गयी ए०बी०एस० गाईडलाईन को अपनाने हेतु राज्य सरकार को एडवाईजरी भेजने के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

2. पहुंच एवं लाभ के सहभाजन (ABS) के लोगो का अनुमोदन। उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के साथ ए०बी०एस० अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करने वाले औद्योगिक अथवा व्यापारिक इकाईयों को अपनी इकाई के उत्पादन, लैटर पैड, वैबसाईट, Wrapers आदि पर संलग्न लोगो के डिजाईन को Bar Code के साथ छापने हेतु **बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

3. अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता कांग्रेस–2018 का आयोजन आई०सी०एफ० आर०ई० देहरादून में 4–6, अक्टूबर 2018 में किया जाना प्रस्तावित जिसके संयुक्त रूप से आयोजक – नवदान्या देहरादून, शिस्शा केरला, आई०सी०एफ०आर०ई० देहरादून, वन्य जीव संस्थान देहरादून, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड देहरादून, यू–कॉस्ट देहरादून, एफ०आर०आई० देहरादून। जिसमें उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की ओर से ₹5,00,000/– की वित्तीय सहायता दी जानी प्रस्तावित है। **जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

4. पिथौरागढ वन प्रभाग, पिथौरागढ के अन्तर्गत कैलाश परियोजना Kailash Sacred Landscape Conservation and Developement Initiative के प्रथम चरण (2012–2017) में टीम के सहयोगी सदस्यों (GBPNIHESD, WII, UBB, Forest Department, U-SAC & CHEA) द्वारा *'Mainstreaming landscape approach for biodiversity conservation improved livelihoods and eco-sytstem health in Indian part of Kailash Landscape'* विषयक प्रस्ताव बनाकर उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के नेतृत्व में National Mission on Himalayan Studies-(NMHS) को द्वितीय चरण हेतु दिनांक 01.03.2018 से प्रारम्भ त्रैवार्षिक योजना (कुल लागत ₹299.90 लाख) बनाकर प्रेषित की गयी है। इसके अन्तर्गत उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा ₹63.50 लाख की योजना बनाकर प्रस्तुत की गयी है। **जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

5. दिनांक 05.01.2018 को उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड मुख्यालय पर उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के साथ 'In-Situ & Ex-Situ Conservation of Biodiversity' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों से अपने विभाग से सम्बन्धित उक्त विषयक योजना बनाकर उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड को प्रेषित करने हेतु अनुरोध किया गया। इसी क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी,

पिथौरागढ वन प्रभाग, पिथौरागढ के पत्रांकः 2280/16–3 दिनांक 08.01.2018 द्वारा हिमखोला उच्च हिमालयी जड़ी–बूटी पौधालय में स्थानीय कृषकों हेतु Seed Production Area (SPA) विकसित किये जाने हेतु योजना का प्रस्ताव (₹17.12 लाख) बनाकर इस कार्यालय को प्राप्त हो चुका है। **जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

6. अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस–2018 की थीम ***'Celebrating 25 years of action for Biodiversity'*** मनाया जाना है जिसमें लाईन विभागों से थीम से सम्बन्धित केस स्टडी मांगी जाय तथा इसके लिये प्रारूप बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जायेगा। प्राप्त केस स्टडी को एक पुस्तक के रूप में संकलित कर अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर विमोचित किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त Uttarakhand State Gaura Devi Biodiversity Conservatioin Award भी इस वर्ष से दिया जाना प्रस्तावित है। यह अवार्ड जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे व्यक्ति को दिया जायेगा। **जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।**

**अनुमोदित**

**(डा० राकेश शाह)**
**अध्यक्ष,**
**उत्तराखण्ड जैव विवधता बोर्ड,**
**देहरादून**

**(एस०एस० रसाईली)**
**सदस्य–सचिव,**
**उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड**
**देहरादून।**